Seventeenth Loksabha

an>

Title: Shri Prahlad Joshi, Minister of Parliamentary Affairs, Coal and Mines felicitated Hon'ble Speaker for making special arrangements to conduct proceedings of the House.

श्री प्रहलाद जोशी : धन्यवाद, सर।

सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसलिए मैं बहुत प्रसन्न भी हूं और आपको धन्यवाद भी करता हूं। इस विशिष्ट और विषम परिस्थिति में आपने और चेयरमैन, राज्य सभा – दोनों ने बातचीत कर के, सहमति से, जो एक विशिष्ट व्यवस्था की और तीन-चार जगहों पर मेंबर्स को बैठना पड़ा, यह पूरी व्यवस्था बहुत सुचारू रूप से, बहुत सोच-समझकर आपने की है। …(व्यवधान) मैं आपको इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और बधाई देता हूं।

हमारी संख्या बहुत बड़ी है। Our number is quite big and the hon. Chairman, Rajya Sabha has also guided और उन्होंने भी इस व्यवस्था में बहुत अच्छे ढंग से भाग लिया है। मैं उनको भी धन्यवाद देता हूं। इस संदर्भ में, बहुत सुचारू रूप से, पॉलिटिकली टेंस सिचुएशन में आपने सभी पार्टियों को विश्वास में लेकर सदन को बहुत अच्छे ढंग से चलाया है। इसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद समर्पित करता हूं। …(व्यवधान)

मैं अपना स्वयं का अनुभव भी बताता हूं। यहां जो पहली बार के मेंबर्स हैं, उनके लिए मैं यह बताना चाहता हूं। जब मैं पहली बार एमपी बना था, तब पूरे सत्र में एक भी ज़ीरो ऑवर मिलता था तो बहुत बड़ी बात होती थी। अगर हमको एक भी ज़ीरो ऑवर मिलता था तो it was be one of the biggest things, लेकिन आप ज़ीरो ऑवर के 'हीरो' बन गए, मैं ऐसा मानता हूं। …(व्यवधान)

आप सभी को बोलने के लिए मौका देते हैं, सभी आपसे बहुत प्रसन्न हैं। इसीलिए, मैं आपको सभी मेंबर्स की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद अर्पित करता हूं। …(व्यवधान) इसी संदर्भ में मैं अपने सभी साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि आपने जो भी प्रोटोकॉल तैयार किए थे, जो प्रोटोकॉल आपने जारी किए थे, उस

प्रोटोकॉल को लेटर-एंड-स्पिरिट से सबने अपनाया है और उसका पालन भी किया है। …(व्यवधान)

मैं सभी एमपीज़ को बहुत-बहुत धन्यवाद समर्पित करता हूं। भगवान की दया भी है कि दस दिन, जब हम दोनों सदन चलाते हैं, तब तीन-चार हज़ार से ज्यादा लोग व्यवस्था और सब चीज़ों के लिए इस प्रिमाइसिस में रहते हैं। इतने सारे लोगों के रहते हुए भी आपकी विशेषता और चेयरमैन साहब की विशेष सतर्कता-प्रिकॉशन के कारण हमें ज्यादा समस्या नहीं हुई। …(व्यवधान) इसके लिए आपका प्रयत्न भी एक कारण है और भगवान का आशीर्वाद भी हमारे ऊपर है, मैं ऐसा मानता हूं। …(व्यवधान)

इस विशिष्ट और विषम परिस्थिति में बहुत सुचारू रूप से, आपने जिस तरह यह सदन चलाया है, पूरे सदन की ओर से और अपोज़ीशन पार्टी के जो मेंबर्स यहां नहीं है, मैं उनको भी धन्यवाद देता हूं और उनकी तरफ से भी आपको बहुत-बहुत धन्यवाद समर्पित करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।